भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1811

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

एनएच-60 का विस्तार

1811. डॉ॰ सुभाष सरकारः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-60 का चार लेन में विस्तार करने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के निष्पादन हेतु विशेष रूप से पश्चिम बंगाल के बांकुरा और बर्धमान जिलों में क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय राजमार्ग-60 के बालासोर-खड़कपुर खंड को पहले से ही चार लेन में चौड़ीकरण किया गया है। राज्य सरकार से भूमिअधिग्रहण और जनोपयोगी सुविधाओं के अतंरण को कम करके राष्ट्रीय राजमार्ग-60 के खड़कपुर-दुबराजपुर-मोरेग्राम खंड को चार लेन बनाने की संभावना की जांच करने का निवेदन किया है।

(ग): डीपीआर और पूर्व-निर्माण क्रियाकलाप के पूरा होने के पश्चात राष्ट्रीय राजमार्ग-60 के खड़कपुर-दुबराजपुर-मोरेग्राम खंड को चार लेन बनाने का निर्माण-कार्य निधियों की उपलब्धता और पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

******